भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2381

06 अगस्त, 2024 को उत्तरार्थ

विषय: ई-नाम मंच पर किसानों का नामांकन

2381. श्री के. ई. प्रकाशः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ई-नाम मंच पर किसानों के नामांकन को बढ़ाने के लिए कोई उपाय किए गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें, विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों को कृषि व्यापार से समान लाभ मिले;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ई-नाम मंच पर नामांकित कुल किसानों की संख्या क्या है;

(ग) ई-नाम पर नामांकन प्रक्रिया को समावेशी बनाने और देश के विविध पृष्ठभूमि और क्षेत्रों के किसानों के लिए सुलभ बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो इस अंतर को पाटने के लिए की जा रही पहलों का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (घ): किसानों का नामांकन बढ़ाने और ई-नाम पर नामांकन प्रक्रिया को देश के विविध पृष्ठभूमि और क्षेत्रों के किसानों के लिए समावेशी और सुलभ बनाने के लिए विभिन्न उपाय किए गए हैं। जिनका विवरण इस प्रकार है:-

(i) मंडी परिसर में किसानों का पंजीकरण

(ii) ई-नाम पोर्टल के माध्यम से किसानों द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण।

(iii) मोबाइल ऐप (एंड्रॉइड और आईओएस प्लेटफॉर्म पर निःशुल्क उपलब्ध) के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण- ई-नाम मोबाइल ऐप 12 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है, जिससे इसे आसानी से उपयोग किया जा सकता है।

(iv) विभिन्न कार्यक्रमों/पंजीकरण अभियानों/पहलों के माध्यम से किसानों के बीच जागरूकता उत्पन्न करना।

(v) पंजीकरण प्रक्रिया में किसानों की मदद करने के साथ-साथ किसानों की सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर जारी किया गया है।

इसके अलावा, ई-नाम प्लेटफॉर्म से जुड़ने के इच्छुक किसानों को ई-नाम पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करना होगा और वे अपनी पसंद की किसी भी ई-नाम मंडी में ई-नाम प्लेटफॉर्म पर अपनी उपज बेच सकते हैं।

अब तक, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में ई-नाम प्लेटफॉर्म पर नामांकित किसानों की कुल संख्या 1,77,55,957 है। ई-नाम प्लेटफॉर्म पर राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार किसानों के नामांकन का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

अनुबंध

ई-नाम प्लेटफॉर्म पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार किसानों के नामांकन का विवरण

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**नामांकित किसानों की संख्या**
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	2
आंध्र प्रदेश	14,52,950
असम	59
बिहार	3,239
चंडीगढ़	7,108
छत्तीसगढ़	1,35,945
गोवा	29
गुजरात	8,69,757
हरियाणा	27,25,683
हिमाचल प्रदेश	1,25,306
जम्मू और कश्मीर	49,004
झारखंड	2,66,527
कर्नाटक	1,531
केरल	3,096
मध्य प्रदेश	30,23,765
महाराष्ट्र	12,28,203
नागालैंड	172
ओडिशा	3,90,040
पुडुचेरी	13,611
पंजाब	2,17,716
राजस्थान	15,08,839
तमिलनाडु	4,30,597
तेलंगाना	18,23,937
त्रिपुरा	39
उत्तर प्रदेश	33,04,535
उत्तराखंड	91,361
पश्चिम बंगाल	82,906
सकल योग	**1,77,55,957**

*****